मूल्यः एक रूपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

Email: kamdhenu@kamdhenuispat.com, Website: www.kamdhenuispat.com, www.colourdreamz.com www.facebook.com/kamdhenuispatlimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–15, अंक–04, अप्रैल 2015

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545



## कामधेनु पेन्ट्स सुपर स्टार अवार्ड्स

देश भर में अपनी बेहतरीन गुणवत्ता और विविधता के लिये जानी जाने वाली भारत की सबसे तेजी से बढ़ रही सजावाटी पेंट कंपनी, कामधेनु पेंट्स कम समय में ही महत्वपूर्ण बाज़ार हिस्सेदारी पाने में क़ामयाब रही है। विभिन्न बाज़ार जरूरतों को ध्यान में रखते हुये आज कंपनी हर प्रकार के उपभोक्ताओं की रूचि और आवश्यकता के लिये पेंट उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध कराती है। अपने व्यावसायिक सिद्धांतों के मुताबिक कामधेनु पेंट्स अपने डीलरों को महत्वपूर्ण सहयोगियों के रुप में देखती है।

अच्छा प्रदर्शन करने वाले डीलरबंधुओं को प्रोत्साहित करने के लिये कामधेनु पेंट्स नियमित तौर पर उनके लिये पुरस्कार और इनामी योजनायें निकालता है। पिछले वर्ष नवंबर में आयोजित डीलर स्कीम "बॉलीवुड स्टार नाइट", एम्बी वैली, लोनावला को मिली सफलता के बाद कंपनी से देशभर के पेंट डीलर्स द्वारा इसी प्रकार की नई स्कीम की मॉग की गई। इस मॉग को पूरा करते हुये कंपनी की नई स्कीम के तहत निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने वाले डीलरबंधुओं को 2 दिनों के लिये दिल्ली के समीप गुडगॉव के हयात रिजेंसी, मानेसर में ठहरने तथा सोनू निगम लाइव इन कंसर्ट व दूसरे रंगारंग कार्यक्रमों में शामिल होने का मौक़ा दिया गया।

4 और 5 अप्रैल 2015 को होने वाले इस म्यूज़िकल मेगा इवेंट में उन सभी डीलरबंधुओं को आमंत्रित किया गया जिन्होने 1 नवंबर से 31 जनवरी के बीच स्कीम के अंतर्गत निर्धारित मात्रा के बराबर या अधिक कामधेनु पेंट उत्पाद उठाया था साथ ही अपने बकायों का भी भुगतान कर दिया था। इस अनूठी स्कीम में उत्साह से हिस्सा लेने के बाद देश भर के डीलर न सिर्फ आमंत्रित किये गये बल्कि उल्लेखनीय उपलब्धियों को लिये उन्हें पुरस्कार भी दिये गये। फिल्म, टीवी और संगीत की दुनिया के कई जाने–माने सितारों ने सुर और मस्ती के इस मेले में शिरकत किया।

4 अप्रैल को होटल पहुँच कर लंच करने के बाद सभी मेहमान विश्वस्तीय मनोरंजक शो ज़ंगूरा देखने किंगडम ऑफ ड्रीम्स गये। आगंतुक डीलरबंधुओं का स्वागत करते हुये कामधेनु पेंट्स के निदेशक श्री सौरभ अग्रवाल ने कहा, "कामधेनु पेंट्स की सफलता हम सबकी सामूहिक उपलब्धि है। मुझे आप जैसे कड़ी मेहनत में विश्वास करने वाले सहयोगियों पर गर्व है और मुझे पूरी उम्मीद है कि कंपनी को आपका सहयोग इसी तरह भविष्य में भी मिलता रहेगा।" भव्य मनोरंजक शो जंगूरा देखकर सभी वापस होटल आये जहाँ हाईटेक कामधेनु पेंट्स डिज़ायनर गैलरी का अनावरण किया गया।

शाम में प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री व पूर्व मिस एशिया पेसिफिक दिया मिर्ज़ा ने उपस्थित जनसमुदाय की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच विभिन्न श्रेणियों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले चैनल पार्टनर्स एवं पदाधिकारियों को अपने हाथें से पुरस्कार प्रदान किया। खूबसूरत ग़ज़ल वत्स कार्यक्रम में एंकर की भूमिका में मौजूद रही। इस अवसर पर कामधेनु इस्पात लि. के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने कहा, "आप सबों को बेहतर परिणामों के लिये प्ररित करने की हम हमेशा कोशिश करते हैं, जिससे हम सब साथ मिल कर तरक्की की नई बुलंदियों को हासिल करते रहें। हम सबको शपथ लेनी चाहिये कि हम कड़ी

क्रमशः पेज 4...







# भारतीय नौसेना का सराहनीय क़दम आपरेशन राहत



खाड़ी देश यमन में जारी युद्ध के बीच से वहाँ फंसे भारतीय को सकुशल निकाल लाने का सराहनीय काम करने के लिये हमारी नौसेना और विदेश मंत्रालय की पूरी दुनिया में तारीफ हो रही है। ऑपरेशन राहत के नाम से चलाये गये इस अभियान में न सिर्फ भारत ने अपने 4640 देशवासियों को वहां से सुरक्षित बाहर निकाला, बल्कि 41 अन्य देशों के 960 नागरिकों को भी वहां से बाहर निकाल कर बचाने में अहम भूमिका निभाई।

यमन के सबसे बड़े शहर सेना से 630 भारतीय नागरिकों को निकालने के लिये हवाई अभियान भी चलाया गया। वहीं यमन के एडेन बंदरगाह पर लगातार हो रहे बम के धमाके और गोलीबारी के बीच समुद्र तट से सिर्फ 2 किलोमीटर दूर जहाज को रख कर चलाया गया बचाव अभियान भारतीय नौसेना के कौशल, साहस और मानवीयता की मिसाल पेश करने वाला था। साथ ही यह विदेश मंत्रालय के द्वारा चलाये गये प्रभावी कूटनीतिक प्रयासों का उदाहरण था।

यमन में 24 घंटे बमबारी हो रही है और हर कोई एक–दूसरे की हत्या करने पर उतारू है। इस सबके बीच कई देशों से बातचीत करने के बाद भारत दो घंटे के लिए इस युद्ध को रोकने में कामयाब रहा ताकि जितना संभव हो अधिक से अधिक भारतीयों को निकाल सकें। यह छोटी घटना नहीं है। भारत के विदेश राज्य मंत्री जेनेरल (रिटायर्ड) वी के सिंह ने स्वयं ऑपरेशन राहत के दौरान नौसेना के जहाज पर उपस्थित रह कर नागरिकों की सुरक्षा हेतु भारत सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाया।

# प्रधानमंत्री की फ्रांस, जर्मनी व कानाडा यात्रा



9 अप्रैल से शुरू हुई प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की तीन देशों की यात्रा उनकी सरकार द्वारा विदेशी संबंधों को मज़बूती देने के लिये लगाातार चलाये गये प्रयासों की कड़ी के रूप में देखा जा सकता है। इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने दुनिया के तीन विकसित देशों – फ्रांस, जर्मनी व कानाडा के साथ न सिर्फ भारत के रिश्ते बेहतर करने में सफलता पाई बल्कि भारत में निवेश और तकनीक से जुड़े महत्वपूर्ण समझौते भी किये।

फ्रांस व जर्मनी दोनों युरोपीय देशों में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत में मौजूद युवा शक्ति की ओर ध्यान दिलाते हुये वहाँ के कॉरपोरेट जगत को मेक इन इंडिया पहल से जुड़ने का आमंत्रण दिया। इस यात्रा के दौरान फ्रांस से 36 अत्याधुनिक राफेल विमान खरीदने पर समझौता हुआ। फ्रांस व कनाडा के साथ न्यूक्लियर तकनीक और ईन्धन के भी बड़े समझौते इस यात्रा के दौरान हुये। कनाडा के कई कॉलेजों के साथ उच्च तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में भी कई समझौते हुये हैं जिससे भारतीय युवाओं को काफी लाभ मिलेगा। रेल और हवाई यातायात में कानाडा के साथ निवेश तथा तकनीकी विकास के लिये समझौते हुये। भारत के खजुराहो मंदिर से चुराई गई एक 900 साल पुरानी बेशकीमती मूर्ति को हासिल कर कनाडा ने दोस्ती के प्रतीक के तौर पर भारत को लौटाया।

तीनों ही देशों में रहने वाले प्रवासी भारतीय तथा भारतीय मूल के लोग प्रधानमंत्री मोदी को देख और सुन कर गदगद थे। भारत के साथ मज़बूत सांस्कृतिक संबंधों के लिये उन्हें प्रेरित करते हुये प्रधानमंत्री मोदी ने उनके लिये विशेष वीजा प्रावधानों की घोषणा की। तीनों ही देशों में भारतीय प्रधानमंत्री का बड़ी ही गर्मजोशी से स्वागत किया गया जो कि भारत का दुनिया में बढ़ते रसूख का परिचय देता है। मेजबान देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों और सोच की खूब तारीफ की।

# इंजीनियरों की पहली पसंद
# KAMDHENU SS 10000




कामधेनु इस्पात लि. भारत के कोने–कोने में उच्च गुणवत्ता की विश्वस्तरीय निर्माण सामग्री उपलब्ध कराते हुये देश भर के इंजीनियरों का भरोसा जीतने में कामयाब रही है। भारतीय इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में सशक्त उपस्थिति दर्ज करते हुए कामधेनु विभिन्न तरह के सफल उत्पादों का उत्पादन कर रहे हैं, जैसे कि टी एम टी सरिया, स्ट्रक्चरल स्टील, सजावटी पेंट, पीवीसी पाइप, कलर कोटेड शीट और प्लाईवुड आदि। अत्याधुनिक अंतर्राष्ट्रीय तकनीक का उपयोग कर बेहतर आविष्कारी उत्पादों को भारतीय उपभोक्ताओं को सुलभ कराने के लिये कामधेनु इस्पात लि. जानी जाती रही है। आविष्कार की इसी परंपरा के अनुसार निर्मित कामधेनु इस्पात लि. का प्रीमियम उत्पाद KAMDHENU SS 10000 देश का पहला और एकमात्र अधिकृत डबल रिब्स टीएमटी सरिया है जो साधारण सरिये के मुकाबले कंक्रीट पर 254 प्रतिशत से अधिक मज़बूत पकड़ बनाता है। विश्व के विकसित देशों में इस्तेमाल की जाने वाली अंतर्राष्ट्रीय तकनीक से निर्मित KAMDHENU SS 10000 भारत के साथ–साथ अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों के अनुरूप निर्मित की गई है और भूकंप के अत्याधिक तेज झटकों से भी इमारत को सुरक्षा देने में सक्षम है।

इस अनूठे उत्पाद के बारे में इंजीनियरों एवं आर्किटेक्टों को जानकारी देने के उद्येश्य से 17 अप्रैल को दिल्ली के पश्चिम विहार स्थित होटल रेडिसन ब्लू में एक भव्य इंजीनियर्स मीट का आयोजन किया गया। इस सफल आयोजन में 100 से अधिक इंजीनियर और आर्किटेक्ट शामिल हुये। कार्यक्रम में कामधेनु इस्पात लि. के सीएमडी श्री सतीश कुमार अग्रवाल, निदेशक श्री सचिन अग्रवाल तथा सीनियर जी एम मार्केटिंग श्री राजीव शर्मा के अतिरिक्त कामधेनु इस्पात लि. के कई वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भाग लिया; जिसमें श्री सुशील भारद्वाज, श्री अमित सुरोथिया, श्री पंकज आज़ाद, श्री संतोष सिंह चौहान, श्री अमित सोनी, श्री चंदन गोस्वामी एवं श्री योगेश वर्मा आदि उल्लेखनीय हैं। इंजीनियर्स मीट में KAMDHENU SS 10000 के राजस्थान में सेल्स प्रोमोटर मैसर्स सैटर्न स्टील प्रा. लि. के श्री राजीव गर्ग व श्री राजेन्द्र गर्ग भी सम्मिलित हुये।

कार्यक्रम की शुरूआत करते हुये कामधेनु के सीनियर जी एम मार्केटिंग श्री राजीव शर्मा ने सभी उपस्थित व्यक्तियों के सम्मुख स्वागत भाषण पेश किया। इसके बाद कामधेनु इस्पात लि. के सीएमडी श्री सतीश कुमार अग्रवाल ने कामधेनु ग्रुप के बारे में उपस्थित इंजीनियरों को बताया। आविष्कार, गुणवत्ता और भरोसा की कामधेनु की अटूट स्वर्णिम परंपरा के बारे में बताते हुये सीएमडी श्री सतीश कुमार अग्रवाल ने कहा, ''हमारा मक़सद भारतीय निर्माण सेक्टर को अतुलनीय मज़बूती और असीमित ऊँचाई देना है। आज के दौर में बड़ी इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनायों के लिये बेहतर गुणवत्ता की निर्माण सामग्री की जरूरत बढ़ती जा रही है। भारतीय इंजीनियर्स तक अंतर्राष्ट्रीय स्तर की गुणवत्ता के उत्पादों को सुलभ कराना कामधेनु का प्रयास है और हमारा नवीनतम उत्पाद KAMDHENU SS 10000 इसी प्रयास का सफल परिणाम है।''

कार्यक्रम के दौरान KAMDHENU SS 10000 की तकनीकी विशेषताओं पर एक प्रजेंटेशन दिया गया। कामधेनु इस्पात लि. के निदेशक श्री सचिन अग्रवाल ने KAMDHENU SS 10000 से जुड़ी तकनीकी जानकारी देते हुये कहा, ''यह एक अनूठा उत्पाद है जो आज की निर्माण ज़रूरत को ध्यान में रख कर बनाया गया है। इस उत्पाद के अत्याधुनिक डिजायन से बने डबल रिब्स कंक्रीट पर अनोखी इंटरलॉकिंग पकड़ बनाते हैं। अपनी जबरदस्त मज़बूती और भूकंपरोधी क्षमता के कारण KAMDHENU SS 10000 बेहतर निर्माण की पहचान बन चुका है।''

KAMDHENU SS 10000 की गुणवत्ता और विशेषता के बारे में जानकारी पाकर उपस्थित इंजीनियरों ने माना कि यह उत्पाद सुरक्षित निर्माण के लिये सबकी पहली पसंद है। इस अवसर पर कामधेनु पेंट डीविजन की अधिकारी श्रीमति जशोदा गुलिया ने उपस्थित इंजीनियर्स को कामधेनु पेंट उत्पादों पर एक प्रजेन्टेशन दिया और कामधेनु के विश्वस्तरीय पेंट उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला से जुड़ी जानकारियॉं दी। कार्यक्रम की समाप्ति की औपचारिक घोषणा करते हुये कामधेनु सेल्स प्रोमोटर श्री राजीव गर्ग ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

## बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ

रोहित महाजन
**मेसर्स अमित आयरन स्टोर**
चोवगान बाज़ार, नूरपूर
ज़िला – कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश
मो. . 94180.16448

अनिल कुमार शॉ
**मेसर्स आशीर्वाद आयरन स्टोर**
15 / 2, वेस्ट घोष पारा रोड, जगतदाल
ज़िला – उत्तर 24 परगना, प. बंगाल
मो. . 09831299749

अर्जुन कुमार साहू
**मेसर्स ओम साई ट्रेडर्स**
केशपुर
ज़िला – गंजम, ओडिशा
मो. . 09937152215

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2015-17
Production Date: 26.04.2015



शेष पेज 1 से आगे...

मेहनत करते रहेंगे और हर संभावित उपभोक्ता तक अपने उत्पादों की पहुँच बना कर ही दम लेंगे।''


पुरस्कार समारोह के बाद बॉलीवुड के उभरते गायक दिव्य कुमार और शशि सुमन ने कार्यक्रम में संगीत का जादू बिखेरा। इसके बाद बॉलीवुड डांस ग्रुप के परफॉर्मेंस ने सभी को मदमस्त कर दिया। संगीत, डांस और पार्टी का शानदार समाँ देर रात कर चला।

5 अप्रैल की सुबह सभी आमंत्रित डीलरबंधुओं ने अप्पू घर' जाकर 10 एकड़ के वाटर पार्क में अलग–अलग वाटर–स्पोर्ट्स का जमकर आनंद उठाया। लाइव डीजे और कॉकटेल के साथ रेन डांस पार्टी का लुफ्त उठा कर डीलरबंधु आनन्दित हो गये।

शाम में होटल हयात रिजेंसी के बैंक्वेट हॉल में मेगा म्यूज़िकल इवेंट का आग़ाज हुआ। 'इंडिया गॉट टैलेंट' समेत टीवी पर कई डांस प्रतियोगिता जीतने वाली प्रसिद्ध जोड़ी सुमंत और सोनाली के बैड सालसा डांस ग्रुप ने इस मेगा म्यूज़िकल इवेंट की शुरूआत करते हुये नाच के दिलचस्प नज़ारे पेश किये। सुरीले नगमों की बरसात करते हुये कार्यक्रम का आखिरी और सबसे धमाकेदार आकर्षण रहा सोनू निगम और उनके ग्रुप के संगीतकारों का लाइव परफॉरमेंस, जिसने सभी को गुनगुनाने और झूमने पर मज़बूर कर दिया।

इस अवसर पर डीलरबंधुओं को संबोधित करते हुये कामधेनु इस्पात लि. के सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल ने कहा, ''कुछ महीने पहले लोनावला में मैंने आप से एक ऐसे इवेंट को आयोजित करने का वादा किया था जिसका आप अपने परिवार के साथ मिल कर आनंद उठा सकें। आज मैंने वह वादा पूरा कर दिया है। अब मै आपसे उम्मीद रखता हूँ कि आप कड़ी मेहनत करते हुये और बड़ी सफलतायें प्राप्त करेंगे।''

# सम्मानित किये गये कामधेनु के सच्चे सितारे



4 एवं 5 अप्रैल 2015 का भव्य आयोजन कामधेनु के बेस्ट परफॉर्मिंग एसोशिएट्स एवं पदाधिकारियों की मेहतन की सराहना करने और उन्हें पुरस्कृत करने का अवसर भी था। अपने सहयोगियों एवं साथियों के सम्मुख सेलीब्रिटी अतिथि के द्वारा प्रदान किये गये ये पुरस्कार विजेताओं को इसी प्रकार श्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिये प्रेरित करने के साथ ही अन्य सभी उपस्थित लोगों को भी कड़ी मेहनत करने और अगली बार विजेता बनने के लिये प्रोत्साहित कर रहे थे। कामधेनु परिवार सभी विजेताओं को बधाई देता है और सबको भविष्य की ढ़ेरों शुभकामना देता है।

**मेसर्स अनिल छाबड़ा, हनुमानगढ़ के श्री अनिल छाबड़ा एवं मेसर्स नंदा बिल्डर्स, जम्मू के श्री सुभाष नंदा** को वित्तवर्ष 2014–15 के लिये कामधेनु के **ऑल इंडिया हाइयेस्ट वैल्यू सेल्स डिस्ट्रीब्यूटर का एवार्ड** प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के दौरान फरवरी 2015 के **सैमसंग मोबाइल स्कीम** तथा मार्च 2015 के **एपल आइफोन व सैमसंग स्कीम** के लक्की ड्रॉ विजेताओं को भी ईनाम दिये गये।











### वित्तवर्ष 2014–15 के लिये ऑल इंडिया हाइयेस्ट वैल्यू सेल्स डीलर का एवार्ड प्राप्त करने वाले डीलरबंधु :

1. **श्री सतेन्द्र बर्तवाल**, मैसर्स एस.के. ट्रेडिंग, देहरादून, 2. **श्री अरविन्द गोयल**, मैसर्स सुमित सेल्स, हल्द्वानी, 3. **श्री मार्केन्डे जयसवाल**, मैसर्स रोशन लाईम कंपनी, वाराणसी, 4. **श्री जगजीत सिंह**, मैसर्स पंजाब हार्डवेयर एण्ड पेन्ट स्टोर, लखनऊ, 5. **श्री प्रेम कुमार**, मैसर्स श्री वृन्दावन मार्किटिंग, फरीदाबाद, 6. **श्री संजीव सिंह**, मैसर्स संजीव हार्डवेयर, जम्मू, 7. **श्री विशाल गुप्ता**, मैसर्स विशाल ट्रेडर्स, जम्मू, 8. **श्री विपिन अग्रवाल**, मैसर्स विपिन कुमार उदित कुमार, हल्द्वानी, 9. **श्री राजेन्द्र माई**, मैसर्स प्रगति पेन्ट, राजकोट, 10. **श्री अक्षत मित्तल**, मैसर्स सुरेश चन्द अनिल कुमार, हल्द्वानी, 11. **श्री के. लक्ष्मीकांत**, मैसर्स सोनू हार्डवेयर, रायपुर, 12. **श्री हरदीप सिंह**, मैसर्स सलूजा पेन्ट्स एण्ड प्लाईवूड, रायपुर।

### ऑल इंडिया हाइयेस्ट वैल्यू सेल्स डिपो के एवार्ड विजेताओं का नाम :

**जम्मू, गाजियाबाद, हल्द्वानी, परवाणु, लखनऊ, वाराणसी एवं पटना।**

### ऑल इंडिया कामधेनु पेंट्स डेकोरेटिव गैलरी डीलर के सहयोग की सराहना करते हुये इन्हें ट्रॉफी प्रदान की गई :

**मैसर्स शिव हार्डवेयर स्टोर**, हल्द्वानी, **मैसर्स बजाज हार्डवेयर एण्ड पेन्ट्स**, जालन्धर, **मैसर्स बुलहोवाल सीमेन्ट कॉरपोरेशन**, जालन्धर, **मैसर्स पंजाब हार्डवेयर एण्ड पेन्ट स्टोर**, लखनऊ, **मैसर्स यूनीक एन्टरप्राइजेज**, लखनऊ, **मैसर्स रेनबो पेन्ट्स**, गाजियाबाद, **मैसर्स एस.के. ट्रेडिंग कम्पनी**, देहरादून, **मैसर्स जोहरीलाल बन्शीधर**, परवाणु, **मैसर्स अमित आयरन स्टोर**, परवाणु, **मैसर्स धनी प्रेम बिल्डर**, हल्द्वानी।

### ऑल इंडिया हाइयेस्ट वैल्यू सेल्स पर्सन एवार्ड विजेताओं में शामिल है :

**श्री मयन्क मांगलिक**, हल्द्वानी, **श्री परमात्मा सरन**, गाजियाबाद एवं आगरा, **श्री अजय शर्मा**, हनुमानगढ़, **श्री नितिन शर्मा**, देहरादून, **शहज़ाद अहमद खान**, लखनऊ।

### एवार्ड फॉर एक्सीलेंस

**श्री राजकुमार श्रीवास्तव**, नेशनल मार्किटिंग हेड एवं **श्री कमल शर्मा**।

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092